डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा कवि संधि कार्यक्रम आयोजित
राजेंद्र मिश्र ने प्रस्तुत की अपनी कविताएँ

नई दिल्ली। 17 सितंबर 2019; साहित्य अकादेमी के प्रतिष्ठित कार्यक्रम कवि संधि में आज इंदौर से पधारे प्रख्यात कवि एवं कथाकार राजेंद्र मिश्र ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। अपनी कविताएँ प्रस्तुत करने से पहले उन्होंने अपनी रचना प्रक्रिया पर बात करते हुए कहा कि उनकी कविताएँ थोड़ा अलग हटकर है और वे सीधे प्रहार करती है। उनमें अलंकरण आदि ढूँढना मुश्किल है।

उन्होंने – 'शांति की बात', 'जेहाद', 'आवाम', 'लोग हँस रहे हैं', 'स्त्रियाँ जी रही हैं', 'युद्ध के बिना', ये बगावत नहीं है', 'मैं वर्दी से बाहर आना चाहता हूँ' एवं 'निकाह' आदि शीषर्क से अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। इन कविताओं के जरिए उन्होंने देश के विभाजन वर्तमान समय की राजनीति तथा नेताओं आदि के दोहरे व्यक्तित्व पर तीखी टिप्पणियाँ की। उनकी अंतिम कविता 'मेरी कविता' शीषर्क से थी जिसमें उन्होंने अपनी रचना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि उनकी कविता उनके स्वर के रूप में बाद तक पाठकों के बीच जिंदा रहेगी। कार्यक्रम का संचालन साहित्य अकादेमी के संपादक हिंदी अनुपम तिवारी ने किया।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

कविसंधि
KAVISANDHI